# डीबी डिजिटल मीडिया

प्रिंट मीडिया पार्टनर प्रदेश सत्ता

■ वर्ष-01 ■ अंक-03 ■ बालोद, सोमवार 18 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


## विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो, "स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ" के नारे के साथ बालोद में विदेशी सामानों का सांकेतिक पुतला का हुआ दहन

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।**

स्वदेशी जागरण मंच के एवं स्वदेशी सुरक्षा स्वालंबन अभियान जिला बालोद के अंतर्गत अगस्त क्रांति दिवस उपलक्ष्य में विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो शंखनाद कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ एवं चाइना वस्तु का बहिष्कार करने की अपील के साथ सांकेतिक पुतला दहन किया गया। बालोद के जय स्तंभ चौक के पास पहले सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वदेशी जागरण मंच और अन्य संगठन से जुड़े हुए लोगों ने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील लोगों से की ताकि स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान नारेबाजी के साथ सभी ने जमकर प्रदर्शन भी किया। आयोजन भारत छोड़ो आंदोलन (9 अगस्त 1942) की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विदेशी आर्थिक दखल के विरुद्ध जनजागरण करना तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नागरिकों को प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी कंपनियों द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था, बाज़ार, और उपभोक्ता प्रवृत्तियों पर हो रहे प्रभाव के प्रति जनता को सचेत करना रहा। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशी वस्तुओं के अंधाधुंध उपभोग पर रोक लगाना और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जिससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। इस कदम से राष्ट्रवादी नागरिक आहत हैं। मंच ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के आह्वान का स्वागत किया है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में जब कई देश संरक्षणवादी नीतियां अपना रहे हैं, स्वदेशी ही राष्ट्रीय हितों की रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। स्वदेशी जागरण मंच ने अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे विदेशी ई-कामर्स प्लेटफार्मों को '21वीं सदी की ईस्ट इंडिया कंपनी' बताते हुए सरकार से इन्हें विनियमित करने की मांग की है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप योगेश्वर देशमुख पूर्व जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच बालोद,जगदीश देशमुख प्रांत अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, चंद्रहास साहू संयोजक स्वदेशी जागरण मंच जिला बालोद, विनय कुमार साहू संघर्ष वाहिनी प्रमुख स्वदेशी बालोद, उमेश कुमार सेन जिला महामंत्री विश्व हिंदू परिषद, राज सोनी कोषाध्यक्ष विहिप. बालोद, एकांत पवार जिला स्वालंबन केंद्र प्रमुख बालोद, संतोष खरे स्वैच्छिक संगठन बालोद, परसराम ठाकुर प्रमुख जैविक किसान संगठन बालोद, किशन लाल साहू सह समन्वयक स्वावालंबी भारत अभियान बालोद, भास्कर साहू विचार वर्ग प्रमुख स्वदेशी बालोद, देवेंद्र साहू वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बालोद, यशोदा साहू सह समन्वयक महिला स्वावलंबी बालोद, दुखिया निषाद वरिष्ठ स्वदेशी कार्यकर्ता, मोनू सोनवानी विहिप, प्रदीप मीनपाल जिला संयोजक बजरंग दल एवं व्यापारी संगठन और स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने नारों के साथ "जब बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लायेंगे, दूध दही के देश में पेप्सी कोला नहीं चलेगा , चाइनीस वस्तु छोड़कर बोलो वंदे मातरम , जय स्वदेशी जय-जय स्वदेशी गगनचुंबी नारे लगाकर पुतला दहन का कार्यक्रम संपन्न किया।







## आजादी के जश्न के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी, सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में हुआ अनूठा आयोजन

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

बालोद ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इस स्वतंत्रता दिवस पर कृष्ण जन्माष्टमी भी एक साथ मनाई गई। इस दौरान बच्चों ने कई सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी तो वही नन्हे बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में नृत्य करते हुए दही लूट भी किया। सुबह ध्वजारोहण के मुख्य अतिथि सिद्धिविनायक शिक्षण समिति के अध्यक्ष समाजसेवी सुभाष हरदेल रहे। इसके अलावा मंचीय कार्यक्रम में अन्य अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया था बारिश की वजह से गांव में प्रभात फेरी तो नहीं निकाली जा सकी लेकिन बच्चों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी सहित अन्य महापुरुषों की वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। तेज बारिश के बावजूद बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ तो वही पालकों और ग्रामीणों ने भी दोपहर तक पूरे आयोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों में समिति के उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार जेठमल, सचिव खिलानंद गिलहरा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार देशमुख, अभ्यास राम साहू, संयुक्त सचिव कोमिन साहू, समिति के अन्य सदस्य सहित सीआर साहू, राधेश्याम साहू आदि मौजूद रहे। आयोजन के दौरान पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य, गीत, कविता, भाषण, फौजी गीतों की बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। अंत में भगवान कृष्ण और राधा के साथ बाल सखा की वेशभूषा में बच्चों ने जमकर नृत्य किया और दही लूट का कार्यक्रम हुआ। इस तरह एक साथ स्वतंत्रता दिवस का जश्न और दही लूट दोनों का आयोजन शाला परिवार द्वारा किया गया था। आयोजन में प्रधानाचार्य ताराचंद साहू, शिक्षक रेख लाल देशमुख, खेमिन साहू, धनंजय साहू, रीना देशलहरे, माधुरी यादव, लक्ष्मी साहू, चैन कुमारी नेताम, किरण यादव, त्रिवेणी दुबे, भावना सुनहरे, हरीश साहू, नूमेश्वरी विश्वकर्मा आदि का योगदान रहा।



## समाचार संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने लहराया तिरंगा

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर।** नगर पंचायत परिसर में अध्यक्ष प्रदीप साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सभी वार्ड पार्षद और नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बरसते पानी के बीच निर्धारित समय पर ध्वजारोहण कर सभी ने देशभक्ति का परिचय दिया अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा कि आजादी हमें काफी कठिनाइयों के बाद मिली है। इसका महत्व हमें हमेशा समझना चाहिए। स्वतंत्रता दिवस पर सिर्फ एक दिन





के लिए हमारे शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने के बजाय हमें उनका रोज स्मरण करना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को भी उनके बारे में हमें बतलाना चाहिए। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ श्रीनिवास पटेल ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया और सभी अधिकारी कर्मचारियों को देश प्रेम और ईमानदारी से कार्य के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष कुंती ताम्रज सिन्हा, पार्षद गण राकेश दीवान, चितानंद साहू, सोनू लोहले, अनसूईया धुर्वे, महिमा साहू, चंद्र लता साहू, कमलेश ओझा, तृप्ति यादव, अनाराम यादव, गिरधर ठाकुर, बिन्दा, भागवत यादव, जीतेश्वरी निषाद, मधु जगदल्ले, नारायण टेके, रमेश, प्रीतम कुमार साहू, नगर पंचायत सीएमओ श्रीनिवास पटेल, कौशल साहू नंदकिशोर शर्मा, इशा प्रकाश साहू, आनंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भिरई में झेरिया यादव समाज ने मनाई जन्माष्टमी

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर।** गुरुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत भिरई में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। जहां दही लूट सहित विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर लक्ष्मी अशोक साहू सभापति जिला पंचायत बालोद का आगमन हुआ। जिन्होंने समाज के इस आयोजन की सराहना की। इसके अलावा अन्य अतिथियों में जनपद सदस्य गुलाब राम सिन्हा , मनीष कुमार साहू ,नंद राम साहू,सरपंच सनत कुमार सिन्हा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।




# जनपद पंचायत गुरुर में हुआ ध्वजारोहण, अध्यक्ष ने कहा: सब मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर**



राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने जनपद कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें मिलजुल कर क्षेत्र के विकास के लिए काम करना है। जनपद क्षेत्र के जितने भी गांव हैं वहां के मूलभूत समस्याओं का समाधान हमें करना है । ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिले, सरकार की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस बात का ध्यान रखते हुए हमें कार्य करना है ताकि स्वतंत्रता सार्थक हो। इस अवसर पर मौजूद जनपद सीईओ उमेश रात्रे ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हमारे महान देशभक्तों, अमर शहीदों के कार्यों एवं विचारों से प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर राष्ट्र व समाज की सेवा में योगदान देने को कहा। उन्होंने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने हमारे राष्ट्र निर्माताओं, महान देशभक्तों एवं अमर शहीद के आदर्शों को आत्मसात कर अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करते हुए ब्लॉक को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाकर राष्ट्र व समाज के विकास में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, नरेश साहू,आशीष साहू, झालेंद्र साहू, गुलाब सिन्हा, डां हरिकृष्ण गंजीर, ममता विजय गौतम, हेमंत साहू, प्रमिला रामस्वरूप साहू, कौशल्या भोज चंद्रवंशी, संतोषी होरीलाल साहू, तखनसिंह देहारी, गणेश्वरी, लता लक्ष्मी साहू, दिनेश्वरी फागूराम सिन्हा, मीना फत्ते लाल, अजीत कुंजाम, तारा ताम्रध्वज यादव, सुभद्रा इशा प्रकाश साहू, संध्या अजेंद्र साहू, जनपद सीईओ उमेश रात्रे, एडिशनल सीईओ नरेंद्र बागडे आदि मौजूद रहे।


अध्यक्ष सुनीता संजय साहू गुरुर जनपद


सीईओ उमेश रात्रे गुरुर जनपद

# गृहनगर अर्जुंदा में विधायक कुंवर निषाद ने किया ध्वजारोहण कहा: सच्चे सपूतों के लंबे संघर्ष के कारण मिली है हमें स्वतंत्रता





**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

गुंडरदेही विधानसभा के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद ने गृह नगर अर्जुंदा में 79 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी चौक, नगर पंचायत अर्जुंदा, उद्यानिकी महाविद्यालय अर्जुंदा, विधायक कार्यालय, बाजार चौक एवं स्वामी आत्मानंद आदर्श भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल में ध्वजारोहण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन है और हमारे देशवासियों के बीच देशप्रेम, समर्पण और एकता का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस का दिन देश में राष्ट्रीय अवकाश के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिनके त्याग और बलिदान के चलते भारत तो अंग्रेजी हुकूमत से आजादी मिली थी। आज का दिन इनकी बहादुरी, वीरता और शौर्य को नमन करने का दिन है। देश के इन स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी को पाने के लिए हमने लंबा संघर्ष किया। अपना पूरा जीवन, पूरी जवानी आजादी को पाने में झोंक दी। देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, मंगल पाण्डे, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय,जवाहरलाल नेहरु, लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक जैसे कई क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों का अहम योगदान रहा। भारत मां के इन सच्चे सपूतों के लंबे संघर्ष के कारण स्वतंत्रता का सपना साकार हुआ।

उन्हीं के प्रयासों की बदौलत आज हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे देश का अपना संविधान है जिसने हमें कई अधिकार दे रखे हैं। इन्हीं अधिकारों की बदौलत हम सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन का आनंद ले पा रहे हैं। आज 15 अगस्त, 1947 का जिक्र होते ही गर्व से हर भारतीय का सीना चौड़ा हो उठता है।इस ऐतिहासिक अवसर पर हमें एकता, विविधता और प्रगति के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए शपथ लें, जिनके लिए हमारा देश जाना जाता है। हमें आज के दिन संविधान में लिखी बातों का पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर श्री प्रणेश जैन अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा, ओसाब यादव , हेमलता देवांगन , हेमलता ठेठवार, वंदना पारख, नुरेंद्र ठाकुर, अजय ठाकुर , ईश्वर देवांगन , ललेश्वरी निषाद , कीर्ति उइके, थिनेश्वरी सोनकर , रोशन सिन्हा, चंद्रहास देवांगन , राजू देवांगन , अशोक देवांगन , अशोक गजेंद्र , लेख तिवारी , राजू पारख सहित विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।



# भरदाकला में स्वतंत्रता पर्व हर्षोल्लास के साथ मना



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

79वा आजादी का पर्व गौरव ग्राम भरदा कला में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभात फेरी निकाल कर गली भ्रमण किया गया। ग्राम पंचायत भवन, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जय स्तंभ चौक, आंगनवाड़ी क्रमांक 1, 2, 3, वार्ड नंबर 1, वार्ड नंबर 5, महिला सदन, विद्यालय, नेहरू नगर चौक, दुर्गा मंच, भाटापारा, सेवा सहकारी समिति भवन, स्टेट बैंक, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में ध्वजारोहण किया गया। प्रभात फेरी एवं ध्वजारोहण पश्चात शाला प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रांति भूषण साहू सरपंच ने की। विशेष अतिथि श्रीमती टुकेश्वरी साहू जनपद सदस्य, केशव साहू कवि , देवेंद्र जायसवाल पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग थे। इस अवसर पर योग आयोग के अध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी को आगे अच्छे से अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हम सबको संस्कारी होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सरपंच क्रांति भूषण साहू, जनपद सदस्य श्रीमती तुकेश्वरी साहू, केशव साहू, देवेंद्र जायसवाल, हरिश साहू शाला समिति अध्यक्ष, नागेश देवांगन विधायक प्रतिनिधि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भूपेंद्र साहू, डोमन साहू, उपसरपंच मिर्जा रहमान बेग, इंद्र कुमार धनकर, प्रवीण साहू, श्याम सुंदर साहू, श्रीमती नामेश्वरी बांधव, श्रीमती गिरजाबती साहू, श्रीमती अनीता साहू, चंदाबाई साहू, रोहिणी साहू,बृजेश सोनी, नागेश देवांगन, लोकेश यादव, चेतन देवांगन, दुखीत राम यादव, दीनदयाल साहू, पुरेंद्र साहू,रूप राम साहू, गज्जू राम भारती, भीखम प्रसाद साहू सहित गणमान्य नागरिक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य कोमार्य के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन तिवारी मैडम ने किया।

# नेमसिंह साहू व्याख्याता को मिला उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मान, मंत्री केदार कश्यप द्वारा हुए सम्मानित

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला बालोद (छ. ग.) द्वारा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 का आयोजन सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप थे। जिनके द्वारा जिला बालोद में संचालित सभी विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में नेमसिंह साहू, व्याख्याता (रसायन) स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद को अध्यापन कार्य के साथ साथ अतिरिक्त कार्य के रूप में स्काउट गाइड के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट /उल्लेखनीय कार्य करने पर ससम्मान प्रशस्ति पत्र मंत्री के द्वारा प्रदान किया गया।ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष इनके मार्गदर्शन में स्काउट गाइड के बच्चे राज्यपाल प्रमाण पत्र पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रमाण पत्र के कारण बच्चों को 10 वी और 12 वी की बोर्ड परीक्षा में 10 अंक अतिरिक्त बोनस के रूप में प्राप्त होते हैं। साथ ही भविष्य में यह प्रमाण पत्र छात्रों को विभिन्न भर्ती, ऐडमिशन में अतिरिक्त अंक प्रदान करता है। ये राष्ट्रीय स्तर के साथ , राज्य और जिला द्वारा आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लेते हैं। नेमसिंह साहू ने बताया कि स्काउट गाइड युवाओं के लिए एक शैक्षिक आंदोलन है, जो उन्हें शिक्षा के साथ साथ, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से विकसित करने में मदद करता है. इसका उद्देश्य युवाओं में चरित्र, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व कौशल का विकास करना है. यह आंदोलन विभिन्न गतिविधियों जैसे कैम्पिंग, हाइक, ट्रैकिंग ,जंबूरी, समाज सेवा के विभिन्न कार्यों के माध्यम से युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। सम्मान प्राप्ति पर उन्होंने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा (पदेन संरक्षक भारत स्काउट गाइड जिला बालोद), भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ,जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पदेन जिला आयुक्त (स्काउट) योगदास साहू , डीपी कोसरे जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ,जिला सचिव केएल गजेन्द्र ,जिला संगठन आयुक्त (गाइड) प्रेमलता चंद्राकर , एवं भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद के समस्त पदाधिकारियों , समस्त साथियों, शाला परिवार का भविष्य में सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा के साथ कोटिशः हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है।




# गलत युक्तियुक्तकरण से प्रताड़ित शिक्षकों ने घर में ही तिरंगा लहराकर मनाया स्वतंत्रता दिवस

## हाई कोर्ट एवं अभ्यावेदन समिति के पास विचाराधीन मामला होने के कारण विद्यालय से दूर होने से नवाचारी रूप में इस तरह से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

शिक्षा विभाग ने इन दिनों अपने ही उत्कृष्ट शिक्षकों को गलत नियम में युक्तियुक्तकरण करके प्रभावित किया गया है, उन शिक्षकों के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से लेकर निराकरण हेतु बनी विभिन्न विभागीय समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर चुके हैं लेकिन विभागीय लेट लतीफ के कारण दो से तीन महीना बीत जाने के बाद उनके त्रुटि पर कोई निराकरण नहीं किया गया है। ऐसे प्रभावित शिक्षक अब अपने आप को प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं ।लेकिन ऐसे शिक्षक अपनी उत्कृष्टता की पहचान को बनाए रखते हुए विभागीय कार्रवाई के वजह से विद्यालय से दूर होने के बावजूद अपने गतिविधि से राष्ट्रीय पर्व में विद्यालय में शामिल नहीं होने पर अपने ही घर में नवाचारी पाठशाला बनाकर सेवा पदको एवं परिवार के साथ घर में ही तिरंगा लहरा कर आजादी के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर्व को मना रहे हैं। बालोद जिला में ऐसे ही एक शिक्षक हैं जो उत्कृष्ट गतिविधियों के कारण जिला के प्रथम मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा श्री से अलंकृत है, साथ ही राज्य शिक्षक सम्मान जिसे राज्यपाल पुरस्कार भी कहते हैं से पुरस्कृत है तथा राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु जिला से दो-दो बार राज्य स्तर हेतु अनुसंसित किए जा चुके हैं ,ऐसे शिक्षक को भी विभाग ने जब सिविल सेवा अधिनियम के विरुद्ध वरिष्ठता निर्धारण करके उक्त वरिष्ठ शिक्षक को कनिष्ठ की श्रेणी में लाकर त्रुटि पूर्वक युक्तिकरण की कार्रवाई किया है। जिससे वह आज अपने पदस्थ विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व में उपस्थित होने से वंचित रहा लेकिन उन्होंने अपने घर को ही नवाचारी पाठशाला बनाकर अपने 22 -23 वर्ष के सेवा अवधि के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यो एवं सेवा पदक के सामने तिरंगा लहराकर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाई। जिसके अंतर्गत उन्होंने अपने घर के ही बड़े दीवाल में बनाए वर्ग चक्रव्यूह के सामने अपने समस्त सम्मान पत्रों, पुरस्कार, प्रशस्ति पत्रों एवं प्राप्त मेडल के साथ-साथ विद्यालय में इंस्पायर अवार्ड एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में प्रस्तुत किए गए शिक्षक संगोष्ठी के गतिविधियों के छाया चित्रों बैनर चित्रों के समक्ष तिरंगा लहराया। साथ ही उन्होंने एक और नयाचारी गतिविधि करते हुए विभिन्न राष्ट्रीय पर्व में राष्ट्रीय ध्वज के साथ संस्था के प्रांगण में लगाए जाने वाले तोरण में विषम संख्याओं का क्रम संचय करके वर्ग प्राप्त होने की अपने ही बनाए पद्धति पर कार्य करते हुए तोरण में विषम संख्याओं को लिखकर वर्ग प्राप्त हुआ उसके संबंध में वीडियो जारी करके स्वतंत्रता दिवस घर में ही परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया। निश्चित रूप से यह अनोखी पहल को विद्यालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु तथा क्रियात्मक गतिविधि करने हेतु लाभदायक तो माना ही जा रहा है, साथ ही अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।



# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद का रहा स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

79 वे स्वतंत्रता दिवस का आयोजन शाला में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शाला के प्राचार्य अरुण कुमार साहू के द्वारा ध्वजोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही सत्र 2024-25 में राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र परीक्षा सफ़ल कुल 05 स्काउट को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस प्रमाण पत्र के कारण बच्चों को बोर्ड एग्जाम में 10 अंक बोनस के रूप में प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही भविष्य में यह प्रमाण पत्र विभिन्न भर्ती, ऐडमिशन में अतिरिक्त अंक प्रदान करता है। सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह के मार्च पास्ट के जूनियर वर्ग के कुल 6 प्लाटून में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के तीन प्लाटून ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान एनसीसी (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम बालोद), द्वितीय स्थान रोवर्स स्काउट (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद) , तथा शाला की रेंजर्स गाइड टीम ने भी अपना उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत जय जवान, जय किसान में शाला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस सफलता पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति, पालकों व शाला के समस्त स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया है।





सकारात्मक सोमवार : ये हैं बेजुबान प्रेमी बेनूराम

# घर के अंदर गौ माता को बुलाकर मनाई कृष्ण जन्माष्टमी, खीर पूड़ी और मिष्ठान का लगाया भोग

## सपरिवार की आरती, बेजुबानों के साथ इंसानों जैसा करते हैं बर्ताव





डीबी डिजिटल मीडिया बालोद के लिए दीपक यादव की रिपोर्ट

इस सकारात्मक सोमवार पर हम एक ऐसे शख्स के बारे में बता रहे हैं जो बेजुबानों के प्रेमी हैं। खासकर गौ माता से उनका विशेष लगाव है। उनके घर के आसपास मोहल्ले में घूमने वाली गौ माता रोज आते हैं। बात कर रहे हैं बालोद जिले के ग्राम नर्रा के मूल निवासी बेनूराम साहू की, जो वर्तमान में मानसरोवर कॉलोनी पदुमनगर भिलाई 3 में रहते हैं। उनका बेजुबानों के संग इंसानों जैसा बर्ताव और स्नेह अक्सर चर्चा का विषय रहता है। जहां पिछले दिनों उन्होंने रक्षाबंधन का त्यौहार भी इन बेजुबान गौ माताओं के बीच मनाया और 100 से अधिक गौ माता को रेडियम बेल्ट रूपी रक्षा सूत्र बांधने की पहल की ताकि उन्हें और लोगो को रात में होने वाली सड़क दुर्घटना से बचाया जा सके तो वहीं अब उन्होंने कृष्ण जन्माष्टमी पर भी गौ माता को घर बुलाकर उनकी पूजा अर्चना कर विशेष तरह से त्यौहार मनाया। सपरिवार उन्होंने गौ माता की आरती उतार कर पूजा की और खीर पूड़ी का भोग लगाया। पेशे से बेनूराम साहू रेलवे में पदस्थ हैं और उन्हें आप बालोद अंतागढ़ रूट पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेन में ही देख सकते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे दुर्ग अंतर्गत सीनियर पैसेंजर ट्रेन मैनेजर के पद पर हैं। बेनूराम का बेजुबानों खासकर गौ माता, पशु पक्षियों से विशेष लगाव देखने को मिलता है। उनके सोशल मीडिया अकाउंट में कई ऐसे वीडियो फोटो है, जो उनके पशु पक्षी से खास प्रेम को दर्शाते हैं। जब शाम को वे ड्यूटी खत्म करके घर आते हैं और घर के दहलीज पर बैठते हैं तो आसपास रहने वाली गौ माता उन्हें देखकर उनके पास चली जाती है। उन्हें जीभ से दुलारती हैं। बड़े स्नेह के साथ वे भी गौ माता का दुलार पाते हैं। उन्हें रोटियां खिलाते हैं।

### घर पर दो तोते हैं उनके बच्चे जैसे

उनके घर पर दो प्यारे तोते भी हैं। जो उनकी हर दिनचर्या में भाग लेते हैं। वे बेनूराम साहू के साथ नहाते हैं उनके साथ चाय पीते हैं। उन्हें चाय



पिलाने के लिए बेनू राम खास तरीका अपनाते हैं। पहले वे चाय की चुस्की अपने जीभ में लेते हैं फिर उनके जीभ से दोनों तोते चाय पीते हैं। तो नहाने में भी वे मस्ती करते हुए नहाते हैं। बेनू राम साहू का कहना है कि हर बेजुबानों के प्रति लोगों के मन में करुणा और प्यार होना चाहिए । जीव दया और करुणा इंसानियत के ही गुण है। इंसानों के साथ ही नहीं बेजुबान जानवरों, पशु पक्षियों के साथ भी हमें ऐसा ही व्यवहार करना चाहिए क्योंकि वे भी जीव है। उन्हें भी भूख प्यास लगती है, उन्हें भी थकावट होती है, दर्द होता है इसलिए वे इंसानियत का धर्म सिर्फ इंसानों के साथ नहीं बल्कि बेजुबानों के साथ भी निभाते आ रहे हैं और जब भी जैसा भी उन्हें अवसर मिलता है वे समाज सेवा के साथ-साथ इन बेजुबानों की सेवा भी करते हैं।

### प्याऊ खोलकर करते हैं सेवा तो अस्पताल आने वाले लोगों को कराते हैं भोजन

गर्मी में बेनू राम साहू द्वारा बालोद जिला सहित भिलाई और आसपास क्षेत्र में प्याऊंघर खोलकर जन सेवा की जाती है तो वही एम्स अस्पताल रायपुर आने वाले मरीज और उनके परिजनों के लिए ए मां भोजन समिति के जरिए उनके द्वारा निःशुल्क भोजन सेवा भी दी जाती है। सिरसा गेट चौक भिलाई 3 और रेलनगर चौक चरोदा में पूरे गर्मी भर राहगीरों को पानी पिलाए हैं।

### गौ हत्या का पाप जहां मिटने की मान्यता है, ऐसे मंदिर में पहुंचे पूजा करने

बेनूराम परिवार सहित कृष्ण जन्माष्टमी पर एक ऐसे मंदिर में भी दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। जहां पर गौ हत्या का पाप दूर होने की मान्यता है। बेनूराम ने बताया कि जन्माष्टमी पर भुईफोड़ शिवलिंग मंदिर - कोड़ियां, श्री विष्णु मंदिर- बानबरद एवं त्रिधार शिवनाथ नदी संगम - सगनी घाट दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भुई फोड़ शिवलिंग भुइयां से निकला हुआ है और लगातार आकार बढ़ता जा रहा है। श्री विष्णु मंदिर-बानबरद एक गौ तीर्थ धाम है। कहा जाता है कि गौ हत्या के पाप होने पर यहां स्थित कुंड में स्नान करने से मनुष्य पाप मुक्त हो जाता हैं। यहां माघ माह में मेला भी लगता है। संगनी घाट में आमनेर नदी जो कि खैरागढ़ से आती है, शखभरी नदी जो कि ढउर से आती है और शिवनाथ नदी जो कि मानपुर चौकी से आती है ये तीनों का संगम है। वर्तमान में जलस्तर काफी अधिक है, जल का प्रवाह काफी मनोरम है।



संपादकः माधुरी दीपक यादव, सलाहकार संपादक-यशवंत पुरी गोस्वामी, उप संपादक- मधू दीपक देवदास,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - मुनेंद्र यादव